# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 01.04.2026 को जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न सम्पूर्ण समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 01.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 5:00 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2. आमंत्रित ग्राम प्रधान।
3. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4. आमंत्रित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)
5. प्रतिनिधि, डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
6. प्रतिनिधि, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
7. श्री पुष्कर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।
8. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।
9. श्री धर्मेन्द्र सिंह, ए0जी0एम0 मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।

**बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–**

(1). **मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।**

**सम्बन्धित फर्म की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 16793 | 13426 | 870 | 840 | 870 | 743 | 870 | 528 | 869 | 200 | 870 | 469 |
| 2 | वर्तमान में | 16793 | 13552 | 870 | 840 | 870 | 747 | 870 | 536 | 869 | 201 | 870 | 469 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2028 | 60 | 79.75 |
| 2 | 31.12.2028 | 47 | 76.10 |
| 3 | 31.12.2028 | 53 | 72.77 |
| 4 | 31.12.2028 | 92 | 70.41 |
| 5 | 31.12.2028 | 129 | 70.67 |
| 6 | 31.12.2028 | 134 | 65.53 |
| 7 | 31.12.2028 | 81 | 55.19 |
| 8 | 31.12.2028 | 101 | 63.64 |
| 9 | 31.12.2028 | 85 | 60.37 |
| 10 | 31.12.2028 | 41 | 56.30 |
| 11 | 31.12.2028 | 47 | 53.13 |
| **Total** | | **870** | **70.03** |

जिलाधिकारी, जौनपुर द्वारा मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के उपस्थित प्रतिनिधि श्री धर्मेन्द्र सिंह, ए0जी0एम0 से जानकारी ली गयी कि दिनांकः 09.03.2026 के जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक से वर्तमान तक कितने शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। ए0जी0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि शिरोपरि जलाशय के निर्माण में 01 नग की प्रगति प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी द्वारा जिंक एलम टैंक लगाये जाने हेतु चयनित एजेन्सी मेसर्स मैनीफोल्ड को उनके पत्र के क्रम में अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के कार्यालय आदेश संख्या–

3808/Zn-Al/2025-26/UCT, दिनांकः 18 फरवरी, 2026 द्वारा अनुमति प्राप्त होने के पश्चात् भी कार्य प्रारम्भ न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कर अधिक से अधिक मशीनरी एवं मैनपॉवर लगाकर अपेक्षित प्रगति प्राप्त करें, माह–मई, 2026 तक 124 नग तैयार प्री–कास्ट मेम्बर्स वाले शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य अवश्य पूर्ण कर लिया जाये, जिससे हर घर जल योजना के अन्तर्गत जल की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित की जा सके, अन्यथा की दशा में कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

**(2).** मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नलकूप निर्माण में विगत कई जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठकों से प्रगति शून्य प्राप्त होने पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि 22 नग सैलाइन श्रेणी वाले पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित ग्राम पंचायतों में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्प/उथले सबमरसिबल पम्प द्वारा स्वच्छ पेयजल प्राप्त किया जा रहा है, उक्त स्थलों पर जल परीक्षण कराकर उथले (Shallow) ट्यूबवेल बनाये जायें, यदि अत्यन्त गहराई पर उच्च गुणवत्ता का स्ट्रेटा प्राप्त हो रहा है तो डीप ट्यूबवेल बनाया जाये।

**(3).** जिलाधिकारी द्वारा दिनांकः 09.03.2026 की जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक से वर्तमान तक मेसर्स एफकॉन्स द्वारा नलकूप निर्माण में शून्य प्रगति, पम्प हाउस निर्माण में 04 नग की प्रगति, सोलर पैनल अधिष्ठापन कार्य में 08 नग की प्रगति तथा पम्पिंग प्लाण्ट अधिष्ठापन कार्य में शून्य नग प्रगति प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की आगामी बैठक से पूर्व अपेक्षित प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स एफकॉन्स, मेसर्स वेलस्पन तथा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण (वि0/यॉ0)**

**(4).** **<u>मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।</u>**

**मेसर्स वेलस्पन की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 7168 | 6091 | 355 | 351 | 355 | 337 | 355 | 217 | 355 | 89 | 355 | 212 |
| 2 | वर्तमान में | 7168 | 6683 | 355 | 351 | 355 | 337 | 355 | 217 | 355 | 97 | 355 | 212 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2028 | 118 | 76.40 |
| 2 | 31.12.2028 | 30 | 70.34 |
| 3 | 31.12.2028 | 54 | 70.84 |
| 4 | 31.12.2028 | 3 | 75.44 |
| 5 | 31.12.2028 | 19 | 66.44 |
| 6 | 31.12.2028 | 72 | 68.29 |
| 7 | 31.12.2028 | 44 | 62.71 |
| 8 | 31.12.2028 | 10 | 62.00 |
| 9 | 31.12.2028 | 5 | 57.97 |
| | **Total-** | **355** | **67.83** |

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)**

मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) द्वारा दिनांकः 09.03.2026 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक से वर्तमान तक नलकूप निर्माण कार्य में प्रगति शून्य, पम्प हाउस निर्माण में प्रगति शून्य, सोलर पैनल अधिष्ठापन में प्रगति शून्य, पम्पिंग प्लाण्ट अधिष्ठापन में प्रगति शून्य, शिरोपरि जलाशय के निर्माण में मात्र 08 नग की प्रगति प्राप्त किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

(5) मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) से सम्बन्धित पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण में कराये जा रहे कार्यों में प्रगति प्राप्त नहीं किये जाने के सम्बन्ध में प्रोजेक्ट मैनेजर श्री पुष्कर सिंह से जानकारी ली गयी। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि सोलर पैनल सामाग्री आपूर्ति सम्बन्धित व्यवधानों का निराकरण कर लिया गया है, यथाशीघ्र सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा एवं जिन नलकूपों पर कम्प्रेशर, ओ0पी0 यूनिट आदि कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उन 337 नग पाइप पेयजल योजनाओं पर पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

(6) जिलाधिकारी द्वारा 217 नग सोलर अधिष्ठापित पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष कितनी पाइप पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है इससे सम्बन्धित जानकारी प्रोजेक्ट मैनेजर मेसर्स वेलस्पन से चाही गयी। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 217 नग सोलर अधिष्ठापित पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 129 नग पाइप पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष परियोजनाओं में क्लोरीनयुक्त नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)**

(7) ग्राम प्रधान दियावां, विकास खण्ड—बरसठी द्वारा अवगत कराया गया कि गोहका एवं दियावां सम्मिलित ग्राम पंचायतों हेतु बहुल ग्राम पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा कराया जा रहा है योजना से सम्बन्धित सभी घटकों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विगत कई महीनों से जलापूर्ति बन्द थी, वर्तमान में जलापूर्ति प्रारम्भ हो गयी है, गोहका में सुचारू रूप से जलापूर्ति की जा रही है, दियावां में अभी अनेक स्थानों पर निरन्तर पेयजल आपूर्ति की समस्या है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त प्रकरण पर त्वरित कार्यवाही कर सभी स्थानों पर निरन्तर जलापूर्ति कराया जाना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स एफकॉन्स)**

(8) ग्राम प्रधान जंगीपुर खुर्द, विकास खण्ड—करंजाकला द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण हेतु ससमय कार्यवाही नहीं की जाती है तथा कुछ स्थानों पर जलापूर्ति का प्रेशर अत्यन्त मंद है जिसे सही कराये जाने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानकानुसार तथा निर्धारित गुणवत्ता की जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) )**

(9) ग्राम प्रधान सलारपुर, विकास खण्ड—रामनगर द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन डाले जाने हेतु जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग किया गया है तथा क्षतिग्रस्त मार्ग का पुनर्स्थापना सही ढंग से नहीं किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित जू0इं0 एवं फर्म के प्रतिनिधि स्थलीय सत्यापन कर पुनर्स्थापना सम्बन्धित कार्य पूर्ण करायें।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स एफकॉन्स)**

(10) ग्राम प्रधान मुस्तफाबाद, विकास खण्ड—सुईथाकला द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत से सम्बन्धित सभी राजस्व ग्रामों में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण नहीं है तथा सुचारू रूप से जलापूर्ति नहीं हो रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष गृह संयोजनों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाये।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) )**

(11) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु टोल फ्री नम्बर 18001212164 का प्रकाशन सभी पाइप पेयजल योजनाओं पर अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स, जिला समन्यक, डी0पी0एम0यू0)**

(12) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी जू0इं0 सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों का मो0नं0 अवश्य प्राप्त कर लें एवं उनसे समन्वय स्थापित कर कार्य करें।
**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स, जिला समन्यक, डी0पी0एम0यू0)**

(13) जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी जू0इं0 आगामी बैठक से पूर्व 20–20 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निरीक्षण करते हुए वन पेजर रिपोर्ट तैयार कर आगामी जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में प्रस्तुत करेंगे।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स, जिला समन्यक, डी0पी0एम0यू0)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्त की गयी।

**(ऋषिकेश कुमार)**
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर

**(ध्रुव खाड़िया)**
मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
जौनपुर

**(डॉ0 दिनेश चन्द्र)**
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
जौनपुर

पत्रांकः 496 /जलनि0/मि0 42 . . , दिनांकः 2/07/2026

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
6. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
9. श्री पुष्कर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।
10. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।

**जिलाधिकारी**
जौनपुर